छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक 516 / स. स्कूल शि.वि. / 2021 अटल नगर, नवा रायपुर दिनांक 06 / 09 / 2021

प्रति,

1. **समस्त संयुक्त संचालक,**
   संभागीय शिक्षा कार्यालय, छत्तीसगढ़।
2. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,**
   छत्तीसगढ़।

विषय – निष्ठा 2.0 ऑनलाइन सेकेण्डरी प्रशिक्षण कार्यक्रम कक्षा 9 से 12 तक के समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के समस्त शिक्षकों (व्याख्याता, व्याख्याता व्यवसायिक, व्याख्याता एलबी) एवं प्राचार्यों के प्रशिक्षण विषयक्।

——000——

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक के व्याख्याताओं एवं प्राचार्यों का NCERT द्वारा निर्धारित 13 मॉड्यूल पर निष्ठा सेकेण्डरी ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के कक्षा 9 से 12 तक के समस्त व्याख्याताओं एवं प्राचार्यों का क्षमता संवर्धन व नेतृत्व गुणों का विकास किया जाना है।

'निष्ठा 2.0' के अंतर्गत शिक्षकों का ऑनलाइन पंजीयन दीक्षा पोर्टल पर 1 अगस्त 2021 से प्रारंभ हुआ है। इसमें कुल 13 मॉड्यूल है, 12 मॉड्यूल सामान्य मुद्दे से संबंधित हैं तथा 13 वाँ मॉड्यूल विषयों के शिक्षण शास्त्र से संबंधित है। माह अगस्त से नवम्बर तक दीक्षा पोर्टल/एप पर NCERT द्वारा प्रत्येक माह 03 मॉड्यूल जारी किये जायेगें, 13 वाँ मॉड्यूल दिसम्बर में जारी होगा। **शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के समस्त व्याख्याताओं एवं प्राचार्यों का दीक्षा एप में प्रत्येक माह जारी होने वाले मॉड्यूल्स के लिए 01 से 25 तारीख तक ऑनलाइन पंजीयन करना होगा** तथा माह के अंतिम दिवस तक तीनों मॉड्यूल अनिवार्यतः पूर्ण करना होगा, जिससे व्याख्याताओं एवं प्राचार्यों का क्षमता वर्धन हो सके।

कृपया आपके संभाग एवं जिले में उपरोक्त प्रशिक्षण समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने का कष्ट करें।

(डॉ. कमलप्रीत सिंह)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृष्ठा. क्रमांक 516–A/स. स्कूल शि.वि./2021 अटल नगर, नवा रायपुर दिनांक 06/08/2021

प्रतिलिपि –

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
3. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, एकीकृत भवन, पेंशनबाड़ा रायपुर को सूचनार्थ।
4. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शंकर नगर, रायपुर को सूचनार्थ।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग